4. Cases of Railway Servants whose retirement occurs ahead of superannuation, the procedure for making payment of pensionary benefits in such cases is detailed Board's letter No. E(G)/76/PN1/25 dated 19.11.76.

भारत सरकार/Government of India
रेल मंत्रालय/Ministry of Railways
(रेलवे बोर्ड)(Railway Board)

मास्टर परिपत्र सं. 53 (2021)
आरबीई सं. 18 2021

सं. डी-43/14/2019-एफ(ई)III

नई दिल्ली, दिनांक: 10 .03.2021

महाप्रबंधक
सभी भारतीय रेलें, उत्पादन इकाइयां,
मेट्रो रेलवे, कोलकाता एवं अन्य।

विषय : रेलों पर पेंशन योजना तथा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/स्वायत्त निकायों में आमेलन होने पर सेवानिवृत्ति लाभ।

कृपया रेल सेवकों के लिए पेंशन एवं सेवानिवृत्ति मृत्यु उपदान के संबंध में मास्टर परिपत्र सं. 53 की एक प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संलग्न है।

जी. प्रिया सुदर्सनी

(जी. प्रिया सुदर्सनी)
निदेशक, वित्त(स्था)
रेलवे बोर्ड

संलग्नक : यथोक्त

1. जनरल सेक्रेटरी, एनएफआईआर, कमरा सं. 256-ई, रेल भवन, नई दिल्ली।
2. जनरल सेक्रेटरी, एआईआरएफ, कमरा सं. 253, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. राष्ट्रीय परिषद, विभागीय परिषद के सदस्य और सचिव कर्मचारी पक्ष, राष्ट्रीय परिषद, 13-सी, फिरोज़ शाह रोड, नई दिल्ली।
4. सेक्रेटरी जनरल, एफआरओए, कमरा सं. 256-ए, रेल भवन, नई दिल्ली।
5. सेक्रेटरी, आरबीएसएस, समूह "क" अधिकारी संघ, कमरा सं. 402, रेल भवन।
6. सेक्रेटरी, आरबीएसएस, समूह "ख" अधिकारी संघ।
7. जनरल सेक्रेटरी, आरबीएसएसएसए, कमरा सं. 439, रेल भवन, नई दिल्ली।
8. सेक्रेटरी जनरल, आईआरपीओएफ, कमरा सं. 268, रेल भवन, नई दिल्ली।
9. सेक्रेटरी, रेलवे बोर्ड लिपिकीय कर्मचारी संघ।
10. सेक्रेटरी, रेलवे बोर्ड क्लास-IV कर्मचारी संघ।
11. सेक्रेटरी जनरल, अखिल भारतीय रेसुबल संघ, कमरा सं. 256-डी, रेल भवन, नई दिल्ली-110001
12. सचिव, रेलवे बोर्ड प्रोमोटी अधिकारी संघ, कमरा सं. 341-सी, रेल भवन, नई दिल्ली।
13. जनरल सेक्रेटरी, अखिल भारतीय एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी संघ, कमरा सं. 7, भूतल, रेल भवन, नई दिल्ली।
14. जनरल सेक्रेटरी, अखिल भारतीय ओ.बी.सी. रेल कर्मचारी फेडरेशन (एआईओबीसीआरईएफ), कमरा सं. 48, रेल भवन।

नवीन

कृते सचिव/रेलवे बोर्ड

भारत सरकार/Government of India
रेल मंत्रालय/Ministry of Railways
(रेलवे बोर्ड)(Railway Board)

मास्टर परिपत्र सं. 53 (2021)
आरबीई सं. 18 2021

सं. डी-43/14/2019-एफ(ई)III

नई दिल्ली, दिनांक: 10.03.2021

महाप्रबंधक
सभी भारतीय रेलें, उत्पादन इकाइयां,
मेट्रो रेल, कोलकाता एवं अन्य।

पेंशन नियम भारतीय रेल स्थापना संहिता जिल्द-II (1985 संस्करण) और रेल पेंशन नियमावली (1993 संस्करण) में समाविष्ट हैं। नियमावली में समय-समय पर जारी पेंशन नियमों और आदेशों को स्वत: स्पष्ट और सहज बोधगम्य रूप में शामिल किया गया है। तथापि, नियमावली को 1993 के बाद अद्यतन नहीं किया गया है और इस अवधि के दौरान अधिकतर उपबंध या तो अप्रचलित हो गए हैं या काफी संख्या में आदेश जारी करके उनमें आमूल परिवर्तन कर दिए गए हैं। इस दृष्टि से, यह जरूरत महसूस की गई है कि पेंशन संबंधी मामलों पर कार्रवाई करने वाले कर्मचारियों के मार्गदर्शन के लिए कुछ अधिक महत्वपूर्ण अनुदेशों को मास्टर परिपत्र के रूप में संकलित किया जाए।

2. इस पत्र के साथ संलग्न मास्टर परिपत्र सं. I में निम्नलिखित विषयों के संबंध में अनुदेशों का उल्लेख है :-

1. रेलों पर पेंशन योजना लागू करना और भविष्य निधि नियमों द्वारा शासित रेल कर्मचारियों के लिए पेंशन विकल्प। — भाग क
2. पेंशन संबंधी मामलों पर सामान्य नियम — भाग ख
3. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में स्थायी रूप से आमेलित रेल कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति लाभ — भाग ग
4. सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को और सेवा अवधि के दौरान दिवंगत होने वाले कर्मचारियों के परिवारों को देय रकमों के समय पर भुगतान के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत — भाग घ

3. उपर्युक्त मूल परिपत्रों में निहित अनुदेश केवल इनके जारी होने की तारीख से भविष्यलक्षी प्रभाव से लागू हैं बशर्ते कि संबंधित परिपत्रों में अन्यथा उल्लेख न हों। पुराने मामलों पर कार्रवाई संबद्ध समय पर लागू अनुदेशों के अनुसार की जानी चाहिए।

4. यदि इस विषय का कोई परिपत्र ध्यान से उतर गया हो तो उसकी उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए वरन् इसे वैध तथा प्रभावी समझा जाना चाहिए। उपर्युक्त अध्याय जिस आदेश के संदर्भ में तैयार किए गए हैं, उन्हें अध्याय की प्रत्येक मद के सामने दर्शाया गया है।

जी. प्रिया सुदर्सनी

(जी. प्रिया सुदर्सनी)
निदेशक, वित्त (स्था),
रेलवे बोर्ड

भाग-क

रेलों पर पेंशन योजना शुरू करना और भविष्य निधि योजना द्वारा शासित कर्मचारियों के लिए पेंशन के विकल्प।

******

1. रेलों पर पेंशन योजना 16.11.57 को शुरू हुई थी और यह रेलवे बोर्ड के दिनांक 16.11.1957 के पत्र सं. एफ(ई)/50/आरटीआई/6 के द्वारा 01.04.1957 से लागू की गई थी। सभी रेल कर्मचारी, जो 16.11.1957 को और उसके बाद रेल सेवा में आए, उक्त पेंशन योजना द्वारा शासित हैं। यह नई पेंशन योजना विशेषकर रेलवे बोर्ड के दिनांक 8 जुलाई,1950 के पत्र संख्या ई48 -सीपीसी/ 208 के द्वारा लागू उदारीकृत पेंशन नियम,1950 के रूप में प्रख्यापित तथा समय-समय पर यथासंशोधित और रेल पेंशन नियम,1950 के उपबंधों का अंगीकरण है।

2. रेलों पर पेंशन योजना शुरू करते समय पेंशन का विकल्प अधिमान स्वरूप भविष्य निधि योजना द्वारा शासित उन सभी गैर-पेंशन भोगी रेल कर्मचारियों को भी दिया गया था जो 01.04.1957 को सेवा में थे अथवा जो 01.04.1957 और 16.11.1957 के बीच रेल सेवा में आए थे। यह विकल्प 30.9.1959 तक खुला था।

3. सेवा शर्तों में विभिन्न संशोधनों या वेतन आयोग की सिफारिशों आदि के फलस्वरूप, कर्मचारियों को पेंशन योजना में शामिल होने के लिए नए सिरे से पेंशन का विकल्प देने की अनुमति दी गई थी क्योंकि इन संशोधनों में पेंशन संबंधी लाभ निहित थे। ऐसे कुल 12 विकल्पों की अनुमति दी गई थी। इन विकल्पों के आदेशों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

विकल्प सं.	पत्र सं. एवं तारीख	विकल्प देने की वैधता अवधि	विकल्प देने के कारण
1.	i) एफ(ई)50/आरटीआई/6 दिनांक 16.11.1957 ii) एफ(पी) 58/पीएन1/6 दिनांक 07.03.1958 iii) एफ(पी) 58/पीएन1/6 दिनांक 19.06.1958 iv) एफ(पी)58/पीएन1/6 दिनांक 24.12.1958 v) एफ(पी)58/पीएन1/6 दिनांक 28.03.1959	01.04.1957 से 30.09.1959	रेलों पर पेंशन योजना शुरू करना
2.	i) पीसी60/आरबी-2/2 दिनांक 17.09.60 ii) –वही- 07.04.61 iii) –वही- 02.11.61 iv) –वही- 13.11.61	01.07.1959 से 31.12.1961	संशोधित वेतन संरचना में महंगाई भत्ते का विलयन (दूसरे वेतन आयोग की सिफारिशें)

3.	एफ(पी)62/पीएन1/2 दिनांक 26.10.62	01.09.1962 से 31.03.1963	पेंशन संबंधी लाभों का उदारीकरण
4.	एफ(पी)63/पीएन1/40 दिनांक 17.01.64 तथा 04.07.1964	17.01.1964 से 16.07.1964	कुटुंब पेंशन योजना शुरू करना
5.	एफ(पी)65/पीएन1/41 दिनांक 03.03.1966, 27.04.1966, 26.05.1966	31.12.1965 से 30.06.66	संयुक्त वार्ता तंत्र/ राष्ट्रीय परिषद की सिफारिश के अनुसरण में
6.	एफ़(ई)III68/पीएन1/2 दिनांक 13.09.1968 तथा 31.03.69	01.05.1968 से 31.03.69	-वही-
7.	एफ़(ई)III71/पीएन1/3 दिनांक 15.07.72	15.07.72 से 21.10.72	
8.	पीसीIII/73/पीएन1/3 दिनांक 23.07.74	01.01.1973 से 31.12.1978	तीसरे वेतन आयोग की सिफारिशें- संवर्गों की पुनर्संरचना
9.	एफ(ई)III/79/पीएन1/4 दिनांक 23.08.1979 तथा दिनांक 01.09.80	31.03.79 तथा 22.02.81	पेंशन फार्मूला का उदारीकरण
10.	एफ(ई)III/82/पीएन1/7 दिनांक 04.10.82, 09.11.82, 13.05.83, 02.06.83	31.01.82 से 31.08.83	सेवानिवृत्ति लाभ के लिए वेतन के साथ अतिरिक्त मंहगाई भत्ता/विलयन
11.	एफ(ई)III/85/पीएन1/5 दिनांक 18.06.85	31.03.85 से 17.12.85	सेवानिवृत्ति लाभ के लिए वेतन के साथ शत प्रतिशत महंगाई भत्ते/अतिरिक्त मंहगाई भत्ते का विलयन
12.	पीसीIV/87/इम्प/पीएन1 दिनांक 08.05.87	01.01.1986 तथा 30.09.1987	चौथे वेतन आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन

4. बोर्ड के दिनांक 8.5.1987 के पत्र सं. पीसीIV/87/इम्प/पीएन1 के अंतर्गत जारी पिछले पेंशन विकल्प संबंधी आदेश के अनुसार, अंशदायी भविष्य निधि के उन लाभार्थियों, जो 01.01.1986 को सेवा में थे और जो उक्त आदेश जारी होने की तारीख को भी सेवा में थे, को स्वत: पेंशन योजना में शामिल हुआ समझ लिया गया है, जब तक कि उन्होंने अंशदायी निधि योजना में बने रहने के लिए विशेष रूप से विकल्प न दिया होता। ऐसा विकल्प देने की अंतिम तारीख 30.9.87 थी।

5. समय-समय पर जारी पेंशन-विकल्प संबंधित सभी आदेश प्रत्येक आदेश में यथा- उल्लिखित विनिर्दिष्ट तारीखों से भूतलक्षी प्रभाव से लागू किए गए थे। उन कर्मचारियों, जो मध्यवर्ती अवधि में सेवानिवृत्त हो गए थे परंतु वे पेंशन योजना के लिए विकल्प देने के अन्यथा पात्र थे, को भी अंशदायी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत प्राप्त पावने की राशि, वापस करने पर पेंशन योजना में शामिल होने का विकल्प दिया गया था। इसी प्रकार उन मृतक कर्मचारियों के परिवारों, जो पेंशन योजना का विकल्प देने के पात्र थे, को भी अंशदायी भविष्य निधि

योजना के अंतर्गत प्राप्त पावने की राशि वापस करने पर पेंशन योजना में शामिल होने का विकल्प दिया गया था।

6. कर्मचारियों को दिए गए ऊपर उल्लिखित बारह विकल्पों के अलावा, मृतक रेल कर्मचारियों के परिवारों को पेंशन योजना में शामिल होने का विकल्प देने के लिए अलग से निम्नलिखित आदेश भी जारी किए थे :-

1. एफ(ई)III/72/पीएन1/3 दिनांक 15.09.1972
2. एफ(ई)III/72/पीएन1/19 दिनांक 19.09.1972 और 18.12.72
3. एफ(ई)III/72/पीएन1/19 दिनांक 07.04.1975
4. एफ(ई)III/79/पीएन1/4 दिनांक 12.11.1979

7. उपर्युक्त आदेशों के अतिरिक्त, बोर्ड के दिनांक 07.10.1970 और 16.7.1971 के अंतर्गत भी अनुदेश जारी किए गए थे जिसके अनुसार, उन कर्मचारियों, जो भविष्य निधि योजना में शामिल थे और जो ड्यूटी पर कार्य करते समय चोट लगने के कारण मारे गए या मर गए थे, के परिवारों के पेंशन योजना में शामिल होने के अनुरोध पर भी गुण-दोष के आधार पर विचार किया गया था। इसके अलावा, बोर्ड के दिनांक 16.7.85 के पत्र सं. एफ(ई).III 84 पीएन 1/17 के अंतर्गत उन रेल कर्मचारियों, जिनकी ड्यूटी पर कार्य करते हुए मृत्यु हो गई थी, के परिवारों को भी पेंशन योजना में शामिल किया जा सका था।

सामान्य नियम भाग ख

पेंशन नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति लाभ

पेंशन की राशि- (1) ऐसे रेल सेवक के मामले में, जो 10 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने से पहले पेंशन नियमों के प्रावधानों के अनुसार सेवानिवृत्त हो रहा है, के लिए सेवा उपदान का परिकलन सेवा अवधि में प्रत्येक संपूरित 6 माह के लिए आधे माह की परिलब्धियों की दर से किया जाएगा।

(2) अर्हक सेवा जो कि 10 वर्ष से कम की न हो पूरी करने के बाद पेंशन नियमों के प्रावधानों के अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले रेल सेवकों के मामले में, पेंशन की राशि परिलब्धियों अथवा औसत परिलब्धियों पर, जो भी उसके लिए अधिक लाभकारी हो, के 50% पर परिकलित की जाएगी जो न्यूनतम नौ हज़ार रुपए प्रति मास और अधिकतम एक लाख पच्चीस हज़ार रुपए प्रति मास होगी।

(न्यूनतम पेंशन के लिए प्राधिकार : बोर्ड का दिनांक 12.08.16 का पत्र सं.2016/एफ(ई)III/1(1)/8)

सेवानिवृत्ति उपदान अथवा मृत्यु उपदान - (1) ऐसे रेल सेवक के मामले में, जिसने पांच वर्ष की अर्हक सेवा पूरी कर ली है, और पेंशन नियमों के तहत सेवा उपदान अथवा पेंशन के लिए पात्र बन गए हैं, को उसकी सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्ति उपदान संदत्त किया जाएगा जो अर्हक सेवा की प्रत्येक संपूरित छह माह की अवधि के लिए उसकी परिलब्धियों के एक चौथाई के बराबर होगा किंतु यह उपदान उसकी परिलब्धियों का अधिक से अधिक साढ़े सोलह गुना होगा और उपदान परिकलित करने के लिए गणना करने योग्य परिलब्धियों की कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी। (ख) यदि सेवारत किसी रेल सेवक की मृत्यु हो जाती है तो उसके कुटुंब को मृत्यु उपदान की राशि का भुगतान नीचे दी गई तालिका के अनुसार किया जाएगा:-

अर्हक सेवा की अवधि	मृत्यु उपदान की दर
एक वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का दोगुना
एक वर्ष या अधिक किंतु पाँच वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का छः गुना
5 वर्ष या अधिक किंतु 11 वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का बारह गुना
11 वर्ष या अधिक किंतु 20 वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का बीस गुना
20 वर्ष या अधिक	अर्हक सेवा की पूरी की गई प्रत्येक छमाही अवधि के लिए परिलब्धियों का आधा परंतु अधिकतम परिलब्धियों का 33 गुना

(iv) **सेवा उपदान-** ऐसे रेल सेवक के मामले में, जो 10 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने से पहले पेंशन नियमों के प्रावधानों के अनुसार सेवानिवृत्त हो रहा है, सेवा उपदान की राशि का परिकलन सेवा अवधि में प्रत्येक संपूरित छ माह के लिए आधे माह की परिलब्धियों की दर से किया जाएगा।

अस्थायी कर्मचारियों के लिए पेंशन :

अस्थायी रेल सेवक को पेंशनी, सेवांत या मृत्यु होने पर लाभ - ऐसा अस्थायी रेल सेवक जो अधिवर्षिता पर या 10 वर्षों से अन्यून की अस्थायी सेवा करने के पश्चात समुचित चिकित्सीय प्राधिकारी द्वारा आगे रेल सेवा के लिए अस्थायी तौर पर असमर्थ घोषित हो जाने पर अधिवर्षिता, अशक्तता पेंशन, सेवानिवृत्ति उपदान और कुटुंब पेंशन की मंजूरी के लिए उसी स्केल के अनुसार उपयुक्त होगा जो इन नियमों के अंतर्गत स्थायी रेल सेवक को अनुज्ञेय है।

कुटुंब पेंशन :-

जहां कि रेल सेवक की मृत्यु – (क) एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी करने के पश्चात हो जाती है; अथवा
(ख) एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी करने के पूर्व हो जाती है परंतु यह तब जब संबद्ध मृतक रेल सेवक की सेवा या पद पर उसकी नियुक्ति से ठीक पूर्व समुचित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा रेल सेवा के लिए उसे उपयुक्त घोषित किया गया हो; अथवा
(ग) सेवानिवृत्त होने के पश्चात हो जाती है और वह अपनी मृत्यु की तारीख को पेंशन या अनुकंपा भत्ते पर रहा है तो मृतक का कुटुंब, रेल सेवकों के लिए कुटुंब पेंशन योजना,1964 के अधीन कुटुंब पेंशन का हकदार होगा, जो मूल वेतन के 30 प्रतिशत की समान दर पर निर्धारित की जाएगी। कुटुंब पेंशन की अधिकतम सीमा सरकार में उच्चतम वेतन का 30 प्रतिशत होगी अर्थात् दिनांक 01.01.2016 से 2,50,000/- रुपए होगी।
(प्राधिकार : बोर्ड का दिनांक 12.08.16 का पत्र सं. 2016/एफ(ई)III/1(1)/8)

पेंशन का संराशीकरण

पेंशन के संराशीकरण पर सीमा- (1) रेल सेवा (पेंशन संराशीकरण) नियम,1993 में निहित प्रावधानों के अध्यधीन, एक रेल सेवक अपनी पेंशन के 40 प्रतिशत से अनधिक भाग को एकमुश्त भुगतान के लिए संराशीकृत करने का हकदार होगा।
(प्राधिकार : रेलवे बोर्ड का दिनांक 14.01.03 का पत्र सं. 2011/एफ(ई)III/1(2)/13)
संराशित पेंशन बहाल करना - पेंशन की संराशित राशि के संराशीकरण के कारण पेंशन में आई कमी की तारीख से पंद्रह वर्ष पूरा होने पर बहाल किया जाएगा ।
(प्राधिकारः- रेलवे बोर्ड का दिनांक 14.01.2013 का पत्र सं. 2011/एफ(ई)III/1(2)/13)

ऐसे पेंशनभोगी, जिसने अपनी पेंशन का एक भाग संराशीकृत करवाया है और दिनांक 01.04.1985 को अथवा सेवानिवृत्ति की तारीख से सेवानिवृत्ति के 15 वर्ष पूरे कर लिए हों अथवा पूरे करेगा, की पेंशन की संराशीकृत राशि बहाल हो जाएगी।

अर्हक सेवा का प्रारंभ- इन नियमों के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, रेल सेवक की अर्हक सेवा उस तारीख से आरंभ होगी जिससे वह उस पर कार्यभार ग्रहण करता है, जिस पर वह अधिष्ठायी रूप से अथवा स्थानापन्न हैसियत में पहली बार नियुक्त हुआ था।

परिलब्धियां: - (क) "परिलब्धियां" पद से, विभिन्न सेवानिवृत्ति और मृत्यु प्रसुविधाओं की संगणना के प्रयोजन के लिए, संहिता के नियम 1303 के खंड(1) में यथा-परिभाषित ऐसा मूल वेतन अभिप्रेत है जो रेल सेवक अपनी सेवानिवृत्ति से ठीक पूर्व या अपनी मृत्यु की तारीख को ले रहा था :
परंतु वृद्धिरुद्ध वेतनवृद्धि सेवानिवृत्त प्रसुविधाओं की संगणना के लिए परिलब्धियां समझी जाएंगी ;
(ख) इन नियमों में "वेतन" से तात्पर्य - रेल सेवा (संशोधित वेतन) नियम, 2016 के अंतर्गत संशोधित वेतनमानों में वेतन से है ;

औसत परिलब्धियां – औसत परिलब्धियां रेल सेवक की सेवा के अंतिम दस मास के दौरान उसके द्वारा ली गई परिलब्धियों के संदर्भ से निर्धारित की जाएंगी।
ऐसा रेल सेवक, जिसे सेवा से बर्खास्त अथवा हटा दिया गया है अथवा जिसने रेल सेवा से त्यागपत्र दे दिया है, उस पर पेंशन संबंधी कोई भी लाभ लागू नहीं होंगे।
(प्राधिकार : दिनांक 05.08.77 का पत्र सं. एफ(ई)III/77/पीएन1/11)

रेल सेवक को बर्खास्त करने या हटाने के लिए सक्षम प्राधिकारी, यदि मामला ऐसा हो कि उस पर दिए गए मानदंडों के अध्यधीन विशेष विचार किया जा सकता हो तो ऐसी पेंशन या उपदान या दोनों की दो-तिहाई से अनधिक ऐसा अनुकंपा भत्ता मंजूर किया जा सकेगा जो उसे उस समय अनुज्ञेय होता जब वह क्षतिपूर्ति पेंशन पर सेवानिवृत्त होता।

शास्ति के रूप में सेवा से अनिवार्य रूप से निवृत्त किए गए रेल सेवक को, ऐसी शास्ति अधिरोपित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा पेंशन या उपदान या दोनों ही की, जो उसे उसकी अनिवार्य सेवानिवृत्ति की तारीख को अनुज्ञेय हो, दो-तिहाई से अन्यून किंतु ऐसी पूरी पेंशन या उपदान से अनधिक हो, मंजूरी दी जा सकेगी।

<u>पेंशन संबंधी लाभों से सरकारी या रेल देय धनराशियों की वसूली और समायोजन</u>- (1) रेल या सरकारी आवास से संबंधित से भिन्न देय धनराशियों के लिए कार्यालय प्रधान रेल सेवक की अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति कि तारीख से "एक वर्ष" पहले ही देय धनराशि निर्धारित करने हेतु कदम उठाए।

(1क) उपर लिखित रेल या सरकारी देय धनराशि का निर्धारण कार्यालय प्रधान द्वारा रेल सेवक की सेवानिवृत्ति की तिथि से 8 माह पहले पूरा कर लिया जाएगा।

(प्राधिकार : दिनांक 17.06.16 का पत्र सं. 2015/एफ(ई)III/1(1)/4)

(2) इस प्रकार अभिनिश्चित और निर्धारित ऐसे रेल या सरकारी देय धनराशियां जो रेल सेवक की सेवानिवृत्ति या मृत्यु की तारीख तक बकाया हैं, सेवानिवृत्ति उपदान या मृत्यु उपदान या सेवांत उपदान की राशि से समायोजित की जाएगी और सेवानिवृत्त होने वाले रेल सेवक से देय धनराशियों की वसूली नीचे दिए गए (4) के प्रावधानों के अनुसार विनियमित की जाएगी।

(3) इस नियम के प्रयोजन के लिए, "रेल या सरकारी देय धनराशियां" अभिव्यक्ति के अंतर्गत निम्नलिखित शामिल हैं :-

(क) रेल या सरकारी आवास से संबंधित देय धनराशियां, जिसके अंतर्गत अनुज्ञप्ति फीस का बकाया, साथ ही साथ हानि(आंबटिति की सेवानिवृत्ति की तारीख के बाद अनुमेय अवधि के बाद भी रेल अथवा सरकरी आवास के अधिभोग के लिए) यदि कोई हो, भी है ;

(प्राधिकार : रेलवे बोर्ड का दिनांक 28.03.12 का पत्र सं. एफ(ई)III/2010/पीएनI/4)

(ख) ऐसी देय धनराशियां, जो रेल या सरकारी आवास से संबंधित नहीं हैं अर्थात् गृह निर्माण या वाहन या किसी अन्य अग्रिम का अतिशेष वेतन और भत्तों छुट्टी वेतन का अति संदाय या अन्य देय-धनराशियों जैसे डाकघर या जीवन बीमा प्रीमियम रेल सेवक की ओर से सेवा के दौरान उपेक्षा या कपट के परिणामस्वरूप सरकार या रेल विभाग को कारित हानियां (जिनके अंतर्गत भाड़ा प्रभार की कम वसूली और स्टोर सामान की कमी भी है)।

(4) (i) रेल सेवक के विरुद्ध कोई दावा निम्नलिखित में से सभी या किसी कारण से किया जा सकेगा :-

(क) रेल सेवक की ओर से सेवा के दौरान उपेक्षा या कपट के परिणाम स्वरूप सरकार या रेल विभाग को पहुंचाई गई हानियां (जिसके अंतर्गत भाड़ा प्रभार की कम वसूली और स्टोर सामान की कमी भी है) ;

(ख) अन्य सरकारी देय-धनराशियों जैसे मकान किराया, डाकघर या जीवन बीमा प्रीमियम या बकाया अग्रिम।

(ग) गैर-सरकारी देय-धनराशियां।

(ii) उपर्युक्त (i) के (क) में विनिर्दिष्ट हानियों की वसूली नियम 8 में अधिकथित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन, आवर्ती पेंशनों और उनके संराशीकृत मूल्यों में से भी जो पेंशन अधिनियम, 1871 (1871 का 23) द्वारा शासित होते है, की जाएंगी। उपर्युक्त (i) की मद (क) के लेखे ऐसी वसूली जो पेंशन नियम के तहत नहीं की जा सकती और उपर्युक्त (i) की मद (ख) और (ग) के लेखे ऐसी कोई वसूली जो रेल सेवक की सहमति से भी इनमें से नहीं की जा सकती, उनकी वसूली सेवानिवृत्ति, मृत्यु, सेवांत या सेवा उपदान में से जो पेंशन अधिनियम, 1871 (1871 का 23) के अध्यधीन नहीं है, की जाएगी रेल सेवक की सहमति अभिप्राप्त किए बिना या किसी मृतक रेल सेवक के मामले में उसके कुटुंब के सदस्यों की सहमति प्राप्त किए बिना भी सेवानिवृत्ति, मृत्यु, सेवांत या सेवा उपदान में से सरकारी देय-धनराशियों की वसूली अनुमेय है।

(iii) पेंशन संबंधी लाभों की मंजूरी किन्हीं बकाया सरकारी देय-धनराशियों की वसूली होने तक विलंबित नहीं की जाएगी। यदि मंजूरी के समय कोई देय-धनराशियां अनिर्धारित या अप्राप्त रह जाती हैं तो निम्नलिखित कार्यविधि अपनाई जाएगी :-

(क) उपरोक्त (i) के (क) में यथा उल्लिखित देय-धनराशियों के संबंध में, रेल सेवक से उपयुक्त रोकड़ जमा कराया जा सकता है या उपदान का उतना भाग जितना पर्याप्त समझा जाए तब तक रोका जा सकता है जब तक बकाया देय-धनराशियां निर्धारित और समायोजित नहीं की जाती।

(ख) उपरोक्त (i) के (ख) में यथा उल्लिखित देय-धनराशियों की के संबंध में - (1) सेवानिवृत्त होने वाले रेल सेवक से यह कहा जा सकता है कि वह किसी उपयुक्त स्थायी रेल सेवक की प्रतिभू प्रस्तुत करे। यदि उसके द्वारा प्रस्तुत प्रतिभू स्वीकार्य है तो उसकी पेंशन या उपदान संदाय या वेतन के लिए अंतिम दावे आदि को रोका नहीं जाना चाहिए और प्रतिभू प्ररूप 2 में एक बंधपत्र पर हस्ताक्षर करेगा।

(2) यदि सेवानिवृत्त होने वाला रेल सेवक प्रतिभू प्रस्तुत करने में असमर्थ या इच्छुक नहीं है तो उपरोक्त (iii) में यथा-विनिर्दिष्ट कार्रवाई की जाएगी।

(3) प्रत्येक मामले में पेंशन मंजूर करने वाला प्राधिकारी राष्ट्रपति की ओर से 2 में प्रतिभू बंधपत्र स्वीकार करने के लिए सक्षम होगा।

(ग) ऊपरलिखित (i) के (ग) में यथा उल्लिखित देय-धनराशियों के संबंध में अर्ध-सरकारी और गैर-सरकारी देय धनराशियों जैसे किसी रेल सेवक द्वारा उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों, उपभोक्ता उधार सोसाइटियों को देय धनराशि या किसी रेल सेवक द्वारा प्रतिनियुक्ति के दौरान किसी स्वाशासी संगठन को देय-धनराशियां ऐसे सेवानिवृत्ति उपदान, जो सेवानिवृत्त होने वाले रेल सेवक को संदेय हो गया है, से वसूल की जा सकती हैं बशर्ते कि वह प्रशासन को ऐसा करने की लिखित सहमति देता है।

(iv) ऊपरलिखित (4) के (i) के (क) और (ख) में निर्दिष्ट सभी मामलों में, जो राशि सेवानिवृत्त होने वाले रेल सेवक द्वारा जमा की जानी अपेक्षित हैं या जो उस संदेय उपदान में से रोक ली जाती है, अनानुपातिक रूप से अधिक नहीं होगी और ऐसी रकमें असम्यक लंबी अवधि के लिए नहीं रोकी जाएंगी या प्रतिभू असम्यक लंबी अवधि के लिए आबद्ध नहीं होंगे। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सभी संबद्ध प्राधिकारियों द्वारा निम्नलिखित सिद्धांतों का पालन किया जाए :-

(क) वह नकद निक्षेप जो लिया जाना है या उपदान की वह रकम जो रोकी जानी है, बकाया देय धनराशि की प्राक्कलित राशि और उसके पच्चीस प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ख) ऊपरलिखित 4 के (i) में उल्लिखित देय धनराशियों का संबंधित रेल सेवक की सेवानिवृत्ति की तारीख से तीन माह की अवधि के भीतर निर्धारण और समायोजन किया जाना चाहिए।

(ग) इस बात का पता लगाने के लिए उपाय किए जाने चाहिए कि किसी मांग की सूचना देने और उसे तैयार करने के समय संबंधित पदधारी की ओर से की गई उपेक्षा के कारण सरकार को कोई हानि न हुई हो। संबंधित पदधारी सरकारी देय धनराशियों का समय पर निर्धारण न करने के कारण अनुशासनिक कार्रवाई के लिए दायी होगा और इस प्रश्न पर मेरिट के आधार पर विचार किया जाना चाहिए कि क्या अवसूलीय राशि की वसूली को अधित्यक्त किया जाए या सरकारी देय धनराशियों का समय पर निर्धारण न करने के लिए उत्तरदायी ठहराए गए पदधारी से वसूली की जाए।

(घ) जैसे ही पेंशन नियम में निर्दिष्ट प्रकृति की कार्यवाहियां प्रवर्तनशील हैं तो, उस प्राधिकारी जिसके द्वारा कार्यवाहियां की गई हैं उसके द्वारा अविलंब इस तथ्य की जानकारी लेखा अधिकारी को दी जाए।

भाग 'ग'

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में आमेलित रेल कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति लाभ

*****

किसी निगम, कंपनी या निकाय में अथवा उसके अधीन आमेलित कर लिए जाने पर पेंशन-

ऐसे रेल सेवक के बारे में, जिसे किसी ऐसे निगम या कंपनी में या उसके अधीन, जो पूर्णत: या पर्याप्तत: केंद्र सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में है अथवा केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित या वित्तपोषित किसी निकाय में या उसके अधीन किसी सेवा या पद में आमेलित किए जाने की अनुमति दे दी गई है तो यह समझा जाएगा कि वह उस तारीख से सेवानिवृत्त हुआ है जिस तारीख से उसका त्यागपत्र स्वीकार किया जाता है और वह सेवानिवृत्ति लाभ यदि कोई हो, को उस पर लागू रेलवे के आदेशों के अनुसार निर्धारित/अवधारित ऐसी तारीख से प्राप्त करने का पात्र होगा।

(प्राधिकार : रेलवे बोर्ड का दिनांक 20.01.05 का पत्र सं. एफ(ई)III/2003/पीएन1/25)

स्पष्टीकरण - आमेलन की तारीख –

(i) यदि कोई रेल कर्मचारी तत्काल आमेलन के आधार पर किसी निगम या कंपनी अथवा निकाय में कार्यभार ग्रहण करता है, वह तारीख होगी जब से वास्तव में उस निगम या कंपनी अथवा निकाय में कार्यभार ग्रहण करता है,

(ii) यदि कोई रेल कर्मचारी रेल प्रशासन के अधीन धारणाधिकार रखते हुए अन्यत्र सेवा निबंधनों पर प्रारंभ में निगम या कंपनी अथवा निकाय में कार्यभार ग्रहण करता है तो वह तारीख होगी जिससे उसका बिना शर्त त्यागपत्र रेल प्रशासन द्वारा स्वीकार किया जाता है।

(2) ऐसे रेल सेवक को (1) के उपबंध भी लागू होंगे जिसे ऐसे संयुक्त क्षेत्र/उपक्रमों में आमेलित होने की अनुमति दी गई हो और जो पूर्णत: केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासनों के संयुक्त नियंत्रण के अधीन है या दो या उससे अधिक राज्य सरकारों अथवा केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों के संयुक्त नियंत्रण के अधीन है।

(3) जहां केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित अथवा वित्तपोषित निकाय में, जिसमें रेल सेवक को आमेलित किया जाता है, कोई पेंशन स्कीम है तो वहां वह रेल प्रशासन के अधीन की गई सेवा की गणना रेल प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार पेंशन के लिए उस निकाय में करने के विकल्प का प्रयोग करने अथवा रेल प्रशासन के अधीन की गई सेवा के लिए सेवानिवृत्ति लाभ प्राप्त करने का हकदार होगा।

(प्राधिकार : रेलवे बोर्ड का दिनांक 23.09.13 का पत्र सं. 2011/एफ(ई)III/1(1)9)

स्पष्टीकरण :- निकाय से तात्पर्य- स्वायत्त निकाय अथवा कानूनी निकाय से है।

(क) एक स्पष्टीकरण जारी किया गया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पदभार ग्रहण करने की दृष्टि से रेल सेवा से इस्तीफे को सेवानिवृत्ति लाभ के दावे के लिए प्रशासनिक दृष्टि से अच्छा और पर्याप्त माना जाए।

(प्राधिकार : दिनांक 21.09.66 का पत्र सं. एफ(ई)III/66/पीएन1/25)

(ख) आमेलित रेल कर्मचारी के लिए उसके आमेलन की तारीख से दो वर्ष के भीतर उसके इस्तीफे की स्थिति में, उसके निजी नियोजन का कार्य शुरू करने से पहले सरकार का अनुमोदन प्राप्त करना अपेक्षित था।

(प्राधिकार : रेलवे बोर्ड का दिनांक 18.02.1970 का पत्र सं. एफ(पी)/67/पीएन1/18)

(ग) आमेलित रेल कर्मचारी को अधिकतम एक तिहाई तक पेंशन के भाग की संराशीकृत राशि को आयकर अदायगी से छूट दी गई थी। उन्हें जिन्होंने पेंशन के बदले एकमुश्त भुगतान के लिए विकल्प दिया था, एकमुश्त भुगतान को दो घटकों में रखा गया था

(i) पेंशन के एक तिहाई के सामान्य सीमा तक संराशीकृत मूल्य और

(ii) पेंशन के दो तिहाई के बराबर आवधिक लाभ जबकि संराशीकृत मूल्य की एक तिहाई राशि को आयकर से छूट दी गई थी और आवधिक लाभ घटक उस वर्ष के आय के रूप में प्रभार्य था जिस वर्ष में वह देय था, तथापि

प्राप्तकर्ता को आयकर की वसूली के लिए पूर्ववर्ती तीन वर्षों तक इस राशि को समान रूप से फैलाने की अनुमति दी गई थी।

(घ) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में आमेलन के विचार से इस्तीफे को सेवानिवृत्त माना गया था, आमेलित कर्मचारी को देय डीसीआरजी की राशि को आयकर से छूट दी गई थी।

(प्राधिकार : दिनांक 10.09.1971 का पत्र सं. एफ(पी)/67/पीएन1/18)

(ङ) आमेलित कर्मचारी को रेल पेंशन नियमों में यथा समाविष्ट कुटुंब पेंशन योजना 1964 के लाभ की अनुमति दिनांक 21.06.67 से दी गई थी बशर्ते कि वह पेंशन नियमों द्वारा शासित रहा हो और वह आमेलन की तारीख को पेंशन के लिए अन्यथा पात्र रहा हो। यह उस रेल कर्मचारी को अनुमेय नहीं था जो पेंशन के स्थान पर केवल सेवा उपदान के लिए पात्र था। रेलवे से कुटुंब पेंशन का लाभ तभी अनुमेय था जब सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के अंतर्गत कुटुंब पेंशन स्वीकार्य न हो अथवा आमेलित कर्मचारी एक अथवा अन्य कारण से उपक्रम की कुटुंब पेंशन योजना के अंतर्गत नहीं आता हो।

प्राधिकार : दिनांक 29.01.76 का एफ(ई)III/75/पीएन1/15
दिनांक 24.08.78 का एफ(ई)III/78/पीएन1/18
दिनांक 26.12.85 का एफ(ई)III/85/पीएन1/25

(च) आमेलित रेल कर्मचारी को विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरा करने पर अथवा तो रेलवे से अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए विकल्प देने की अनुमति दी गई थी।

(प्राधिकार : दिनांक 21.02.1990 और 25.06.1992 का पत्र सं. एफ(ई)III90/पीएन1/8)

(छ) स्थायी रेल सेवक जो राज्य सरकारों के नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों/संयुक्त क्षेत्र उपक्रमों में प्रतिनियुक्त और बाद में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से ऐसे संगठनों में स्थायी रूप से आमेलित रेल कर्मचारियों को 09.01.94 से केंद्रीय सरकार द्वारा नियंत्रित स्वायत्त निकायों के अधीन स्थायी रूप से आमेलित रेल कर्मचारियों को यथास्वीकार्य, यथानुपात सेवानिवृत्ति लाभ की अनुमति दी गई है।

रेल कर्मचारियों को 31.03.87 से राज्य सरकारों के नियंत्रण के अधीन सार्वजनिक क्षेत्रों के नियंत्रण के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/स्वायत्त निकायों/संयुक्त क्षेत्र उपक्रमों में तत्काल आमेलन के आधार पर पदभार ग्रहण करना अपेक्षित है।

(प्राधिकार : दिनांक 25.06.84 का पत्र सं. एफ(ई)III/84/पीएन1/5 और दिनांक 16.03.93 का पत्र सं. एफ(ई)III/92/पीएन1/25)

(ज) यदि कोई रेल कर्मचारी जिसने सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों अथवा स्वायत्त निकायों में किन्हीं पदों के लिए प्रेस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में अपने आवेदन के आधार पर अपनी इच्छा से आवेदन किया था, उसे सेवानिवृत्ति लाभ सार्वजनिक हित में प्रतिनियुक्ति के बाद स्थायी रूप से आमेलित कर्मचारियों को अनुमेय अनुसार सेवानिवृत्ति लाभ के भुगतान की भी अनुमति दी गई थी।

(प्राधिकार : दिनांक 02.08.1972 का पत्र सं. ई(एनजी)/72/एपी/12
दिनांक 05.12.1975 का पत्र सं. ई(एनजी)II/72/एपी/11
दिनांक 24.05.1978 का पत्र सं. ई(एनजी)II/77/एपी/19

<u>रेलवे विभाग के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में परिवर्तित होने के फलस्वरूप आमेलन पर पेंशन के भुगतान की शर्तें</u>

(1)रेलवे विभाग के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में परिवर्तन होने पर उस विभाग के सभी रेल सेवकों का सामूहिक रूप से उस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में स्थानांतरण विदेशी सेवा की शर्तों पर बिना किसी प्रतिनियुक्ति भत्ते पर , जब तक कि उनका उस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन नहीं हो जाता, कर दिया जाएगा और ऐसे स्थानांतरित रेल सेवकों का सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन उस तारीख से माना जाएगा जो तारीख सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएगी।

(2) सरकार द्वारा स्थानांतरित रेल सेवकों को रेलवे में वापस आने अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में स्थायी रूप से आमेलित होने विकल्प दिया जाएगा।

(3) उपरलिखित (2) में संदर्भित विकल्प प्रत्येक स्थानांतरित रेल सेवक द्वारा जैसा कि सरकार द्वारा तय किया गया है, के तरीके से एवं ऐसी अवधि के भीतर दिया जा सकता है।

(4) रेल सेवक का सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कर्मचारी के रूप में स्थायी आमेलन उस तारीख से माना जाएगा जिस तारीख से सरकार द्वारा उनका विकल्प स्वीकार किया जाएगा और उस स्वीकृति की तारीख को और से ऐसे कर्मचारी सरकारी सेवक नहीं रहेंगे और उन्हें रेल सेवा से सेवानिवृत्त माना जाएगा।

(5) रेल सेवक का सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन हो जाने पर, उनके द्वारा आमेलन होने से पहले सरकार में ग्रहण किए हुए पद समाप्त माने जाएंगे।

(6) वह कर्मचारी जो रेल सेवा में प्रत्यावर्तित होने का विकल्प चुनेंगे उन्हें सरकार के अधिशेष सेल द्वारा पुनर्नियोजित किया जाएगा।

(7) स्थायीवत् और अस्थायी कर्मचारी, अनियत मजदूरों के अलावा, जो सार्वजनिक उपक्रम में स्थायी आमेलन का विकल्प चुनेंगे, वे आमेलन की तारीख को और से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमों एवं विनियमों और उप-नियमों द्वारा शासित होंगे।

(8) एक स्थायी रेल सेवक जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारी के रूप में आमेलित हो चुका है, का कुटुंब पेंशन के लाभ का हकदार होगा (पेंशन का संराशीकरण, उपदान, कुटुंब पेंशन अथवा असाधारण पेंशन सहित) जो उसकी रेल एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में प्रदान की गई कुल सेवा के आधार पर, उसकी सेवानिवृत्ति अथवा मृत्यु के समय उस उपक्रम में पेंशन के लाभों की गणना के लिए लागू फॉर्मूला के अनुसार अथवा उसकी इच्छा पर रेलवे के अधीन प्रदान की गई सेवा के लाभों को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार परिकलित की जाएगी ।

स्पष्टीकरण : आमेलित कर्मचारी के संदर्भ में उसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से सेवानिवृत्त होने पर अथवा उसकी मृत्यु होने पर पेंशन अथवा कुटुंब पेंशन उसी तरीके से परिकलित की जाएगी जैसा कि एक रेल सेवक की उसी दिन सेवानिवृत्त अथवा मृत्यु होने पर परिकलित की जाएगी।

(9) उपरोक्त (8) के अनुसार एक कर्मचारी की पेंशन लाभ अथवा औसत लाभ के पचास प्रतिशत, जो भी उसके लिए अधिक लाभदायक हो, पर परिकलित की जाएगी।

(10) पेंशन अथवा परिवार पेंशन, जो भी मामला हो, के अतिरिक्त जो आमेलित कर्मचारी संयुक्त सेवा के आधार पर पेंशन का विकल्प लेगा वह औद्योगिक महंगाई भत्ता पैटर्न के अनुसार महंगाई राहत का पात्र होगा।

(11) पेंशन अथवा कुटुंब पेंशन के लाभ स्थायीवत् अथवा अस्थायी रेल सेवक को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में स्थायी हो जाने के बाद उपलब्ध होंगे।

(12) स्थायी रेल सेवक के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलित हो जाने पर अथवा अस्थायी अथवा स्थायीवृत्त रेल सेवक जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलित हो जाने के बाद स्थायी हो गए हैं, वो सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को मिलाकर कुल 10 वर्ष की अर्हक सेवा पूर्ण कर लेने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने हेतु पात्र हो जाएगा तथा ऐसा व्यक्ति अर्हक सेवा के आधार पर पेंशन के लाभों का पात्र होगा।

(13) सरकार एक ट्रस्ट के रूप में पेंशन निधि बनाए तथा आमेलित कर्मचारियों को ऐसी पेंशन निधि से पेंशन के लाभ प्रदान करे।

(14) न्यासी मंडल के अध्यक्ष सदस्य कार्मिक, रेलवे बोर्ड होंगे, जिसमें वित्त मंत्रालय, कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन, श्रम, संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और उनके कर्मचारी तथा सरकार द्वारा नामित संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

(15) पेंशन निधि से दिए जाने वाले पेंशन के लाभ की मंजूरी एवं उसके संवितरण की प्रक्रिया एवं तरीके का निर्धारण सरकार द्वारा न्यासी मंडल की संस्तुति के आधार पर किया जाएगा।

(16) सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में रेल सेवक के आमेलन की तारीख तक प्रदान की गई सेवा के लिए पेंशन अथवा सेवा उपदान और सेवानिवृत्ति उपदान के लिए एकमुश्त भुगतान करके सरकार अपने पेंशन दायित्व का निर्वहन करेगी।

(17) पेंशन के लाभों के भुगतान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा अपने वित्तीय दायित्व की भागीदारी के तरीके का निर्धारण सरकार द्वारा किया जाएगा।

(18) पेंशन की एकमुश्त राशि का निर्धारण रेल सेवा (पेंशन का संराशीकरण) नियम, 1993 के परिशिष्ट में दी गई मूल्य तालिका के अनुसार किया जाएगा।

(19) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से संबंधित कर्मचारी द्वारा उस उपक्रम में दी गई सेवा के लिए न्यासी बोर्ड द्वारा निर्धारित दरों पर पेंशन निधि में पेंशन योगदान करेगा जिससे कि पेंशन निधि में मदद मिलेगी।

(20) यदि, किसी भी वित्तीय अथवा प्रचालनिक कारणों से ट्रस्ट पेंशन फंड से अपने दायित्वों का निर्वहन करने में अक्षम है तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भी कमी को पूरा करने की स्थिति में न हो तो सरकार ऐसे खर्चे का वहन करने के लिए दायी होगी तथा ऐसा खर्चा फंड अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को डेबिट किया जाएगा।

(21) रेल विभाग के पेंशनभोगियों को पेंशन के लाभ का भुगतान उसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में बदलने की तारीख से सरकार का कर्त्तव्य होगा तथा इस संबंध में उसके कर्तव्यों को बांटने का तरीका भी सरकार द्वारा ही निर्धारित किया जाएगा।

(22) रेल विभाग के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में परिवर्तित हो जाने पर –

(क) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन हो जाने के बाद आमेलित कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में शेष राशि को ऐसे उपक्रम की सहमति से उपक्रम के कर्मचारियों के नए भविष्य निधि खाते में स्थानांतरित कर दिया जाएगा;

(ख) आमेलन की तारीख तक कर्मचारियों के खाते में बचे अर्जित छुट्टी और अर्ध-वैतनिक छुट्टी ऐसे उपक्रम में स्थानांतरित हो जाएंगी;

(ग) किसी भी कर्मचारी का उपक्रम में आमेलन हो जाने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की सेवा से किसी भी कदाचार के कारण बर्खास्त अथवा हटाए जाने के बाद भी रेल में प्रदान की गई सेवा के सेवानिवृत्ति के लाभों को जब्त नहीं किया जाएगा और उसके बर्खास्तगी, हटाए जाने अथवा छंटनी हो जाने पर, उपक्रम के निर्णय की समीक्षा उपक्रम के साथ रेल मंत्रालय के अधीन होगी।

(23) यदि सरकार किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से इक्यावन प्रतिशत अथवा उससे अधिक अपनी इक्विटी का विनिवेश कर लेती है, तब ऐसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलित कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु वह पर्याप्त संरक्षण विनिर्दिष्ट करेगी।

(24) उपरोक्त संरक्षण में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति अथवा उपक्रम में सेवा बहाली अथवा रेल सेवकों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारियों पर लागू नियमों पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, कर्मचारी के विकल्प के

अनुसार और अर्जित पेंशन के लाभों का आश्वासित भुगतान, अर्हक सेवा की अवधि में छूट के साथ, जैसा भी सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाए, का विकल्प शामिल होना चाहिए।

रेलवे विभाग के केंद्रीय स्वायत्त निकाय में परिवर्तन के परिणामस्वरूप आमेलन पर पेंशन के भुगतान की शर्तें

(1) रेलवे विभाग के स्वायत्त निकाय में परिवर्तन पर उस विभाग के सभी रेल सेवकों का सामूहिक रूप से उस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में स्थानांतरण विदेशी सेवा की शर्तों पर बिना किसी प्रतिनियुक्ति भत्ते पर , जब तक कि उनका उस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन नहीं हो जाता, कर दिया जाएगा और ऐसे स्थानांतरित रेल सेवकों का सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में आमेलन उस तारीख से माना जाएगा जो तारीख सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएगी।

(2) सरकार द्वारा स्थानांतरित रेल सेवकों को रेलवे में वापस आने अथवा स्वायत्त निकाय में स्थायी रूप से आमेलित होने विकल्प दिया जाएगा ।

(3) उपरलिखित (2) में संदर्भित विकल्प प्रत्येक स्थानांतरित रेल सेवक द्वारा जैसा कि सरकार द्वारा तय किया गया है के तरीके से एवं ऐसी अवधि के भीतर दिया जा सकता है ।

(4) रेल सेवक का स्वायत्त निकाय में कर्मचारी के रूप में स्थायी आमेलन उस तारीख से माना जाएगा जिस तारीख से सरकार द्वारा उनका विकल्प स्वीकार किया जाएगा और उस स्वीकृति की तारीख को और से ऐसे कर्मचारी सरकारी सेवक नहीं रहेंगे और उन्हें रेल सेवा से सेवानिवृत्त माना जाएगा।

(5) रेल सेवक का स्वायत्त निकाय में आमेलन हो जाने पर, उनके द्वारा आमेलन होने से पहले सरकार में ग्रहण किए हुए पद समाप्त माने जाएंगे।

(6) वह कर्मचारी जो रेल सेवा में प्रत्यावर्तित होने का विकल्प चुनेंगे उन्हें सरकार के अधिशेष सेल द्वारा पुनर्नियोजित किया जाएगा।

(7) स्थायीवृत्त और अस्थायी कर्मचारी, अनियत मजदूरों के अलावा, जो स्वायत्त निकाय में स्थायी आमेलन का विकल्प चुनेंगे वे आमेलन की तारीख को और से स्वायत्त निकाय के नियमों एवं विनियमों और उप-नियमों द्वारा शासित होंगे।

(8) एक स्थायी रेल सेवक जो स्वायत्त निकाय के कर्मचारी के रूप में आमेलित हो चुका है, का कुटुंब पेंशन के लाभ का हकदार होगा (पेंशन का संराशीकरण, उपदान, कुटुंब पेंशन अथवा असाधारण पेंशन सहित) जो उसकी रेल एवं स्वायत्त निकाय में प्रदान की गई कुल सेवा के आधार पर, उसकी सेवानिवृत्ति अथवा मृत्यु के समय उस उपक्रम में पेंशन के लाभों की गणना के लिए लागू फॉर्मूला के अनुसार अथवा उसकी इच्छा पर रेलवे के अधीन प्रदान की गई सेवा के लाभों को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार परिकलित की जाएगी ।

स्पष्टीकरण : आमेलित कर्मचारी के संदर्भ में उसके स्वायत्त निकाय से सेवानिवृत्त होने पर अथवा उसकी मृत्यु होने पर पेंशन अथवा कुटुंब पेंशन उसी तरीके से परिकलित की जाएगी जैसा कि एक रेल सेवक की उसी दिन सेवानिवृत्त अथवा मृत्यु होने पर परिकलित की जाएगी।

(9) एक कर्मचारी की पेंशन लाभ अथवा औसत लाभ के पचास प्रतिशत पर, जो भी उसके लिए अधिक लाभदायक हो, परिकलित की जाएगी।

(10) पेंशन अथवा परिवार पेंशन, जो भी मामला हो, के अतिरिक्त जो कर्मचारी संयुक्त सेवा के आधार पर पेंशन का विकल्प लेगा वो औद्योगिक महंगाई भत्ता पैटर्न के अनुसार महंगाई राहत के पात्र होगा।

(11) पेंशन अथवा कुटुंब पेंशन के लाभ स्थायीवृत्त अथवा अस्थायी रेल सेवक को स्वायत्त निकाय में स्थायी हो जाने के बाद उपलब्ध होंगे।

(12) सरकार एक ट्रस्ट के रूप में पेंशन निधि बनाए तथा आमेलित कर्मचारियों को ऐसी पेंशन निधि से पेंशन के लाभ प्रदान करे।

(13) न्यासी मंडल के अध्यक्ष सदस्य कार्मिक, रेलवे बोर्ड होंगे, जिसमें वित्त मंत्रालय, कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन, श्रम, संबंधित स्वायत्त निकाय और उनके कर्मचारी तथा सरकार द्वारा नामित संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

(14) पेंशन निधि से दिए जाने वाले पेंशन के लाभ की मंजूरी एवं उसके संवितरण की प्रक्रिया एवं तरीके का निर्धारण सरकार द्वारा न्यासी मंडल की संस्तुति के आधार पर किया जाएगा।

(15) सरकार स्वायत्त निकाय में रेल सेवक के आमेलन की तारीख तक प्रदान की गई सेवा के लिए पेंशन अथवा सेवा उपदान और सेवानिवृत्ति उपदान के लिए एकमुश्त भुगतान करके सरकार अपने पेंशन दायित्व का निर्वहन करेगी।

(16) पेंशन के लाभों के भुगतान में स्वायत्त निकाय द्वारा अपने वित्तीय दायित्व की भागीदारी के तरीके का निर्धारण सरकार द्वारा किया जाएगा।

(17) पेंशन की एकमुश्त राशि का निर्धारण रेल सेवा (पेंशन का संराशीकरण) नियम, 1993 के परिशिष्ट में दी गई मूल्य तालिका के अनुसार किया जाएगा।

(18) स्वायत्त निकाय के संबंधित कर्मचारी द्वारा उस उपक्रम में दी गई सेवा के लिए न्यासी बोर्ड द्वारा निर्धारित दरों पर पेंशन निधि में पेंशन योगदान करेगा जिससे कि पेंशन निधि में मदद मिलेगी।

(19) यदि, किसी भी वित्तीय अथवा प्रचालनिक कारणों से, ट्रस्ट पेंशन फंड से अपने दायित्वों का निर्वहन करने में अक्षम है तथा स्वायत्त निकाय भी कमी को पूरा करने की स्थिति में न हो तब सरकार ऐसे खर्चे का वहन करने के लिए दायी होगी तथा ऐसा खर्चा फंड अथवा स्वायत्त निकाय को डेबिट किया जाएगा।

(20) रेल विभाग के पेंशनभोगियों को पेंशन के लाभ का भुगतान उसके स्वायत्त निकाय में बदलने की तारीख से सरकार का कर्तव्य होगा तथा इस संबंध में उसके कर्तव्यों को बांटने का तरीका भी सरकार द्वारा ही निर्धारित किया जाएगा।

(21) रेलवे विभाग के स्वायत्त निकाय में परिवर्तित हो जाने पर –

(क) स्वायत्त निकाय में आमेलन हो जाने के बाद आमेलित कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में शेष राशि को ऐसे उपक्रम की सहमति से उपक्रम के कर्मचारियों के नए भविष्य निधि खाते में स्थानांतरित कर दिया जाएगा;

(ख) आमेलन की तारीख तक कर्मचारियों के खाते में बचे अर्जित छुट्टी और अर्ध-वैतनिक छुट्टी ऐसे उपक्रम में स्थानांतरित हो जाएंगी;

(ग) किसी भी कर्मचारी का उपक्रम में आमेलन हो जाने के बाद स्वायत्त निकाय की सेवा से किसी भी कदाचार के कारण बर्खास्त अथवा हटाए जाने के बाद भी रेल में प्रदान की गई सेवा के सेवानिवृत्ति के लाभों को जब्त नहीं किया जाएगा और उसके बर्खास्तगी, हटाए जाने अथवा छंटनी हो जाने पर, उपक्रम के निर्णय की समीक्षा उपक्रम के साथ रेल मंत्रालय के अधीन होगी।

(22) यदि सरकार किसी भी स्वायत्त निकाय से इक्यावन प्रतिशत अथवा उससे अधिक अपनी इक्विटी का विनिवेश कर लेती है, तब ऐसे स्वायत्त निकाय आमेलित कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु वह पर्याप्त संरक्षण विनिर्दिष्ट करेगी।

(23) उपरोक्त (22) में विनिर्दिष्ट संरक्षण में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति अथवा उपक्रम में सेवा बहाली अथवा रेल सेवकों अथवा स्वायत्त निकाय के कर्मचारियों पर लागू नियमों पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, कर्मचारी के विकल्प के अनुसार और अर्जित पेंशन के लाभों का आश्वासित भुगतान, अर्हक सेवा की अवधि में छूट के साथ, जैसा भी सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाए, का विकल्प शामिल होना चाहिए।

(प्राधिकार : रेलवे बोर्ड का दिनांक 23.09.13 का पत्र सं. 2011/एफ(ई) III/1(1)9)

रेलों और केंद्रीय स्वायत्त निकायों के बीच यथानुपात सेवानिवृत्ति का लाभ आदेशों के उसी सेट द्वारा शासित है जो सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में किसी रेल कर्मचारी के आमेलन के लिए लागू होते हैं। वर्तमान प्रावधानों के अनुसार, स्वायत्त निकायों के वैज्ञानिक कर्मचारियों के मामले को छोड़कर, जिन्हें रेलों पर पेंशन के लिए सेवा की गणना के लाभ की अनुमति दी गई है, केंद्रीय सरकार के बाहर की गई सेवा को रेलों पर पेंशन के लिए नहीं गिना जाएगा। सरकार ने निर्णय किया है कि, 29.08.84 से रेलों और केंद्रीय स्वायत्त निकायों के बीच और विलोमत: सेवानिवृत्ति लाभ के लिए सेवा की गणना की अनुमति दी जाए।

(प्राधिकार : दिनांक 25.09.84, 08.04.85 का पत्र सं. एफ(ई)III/84/पीएन1/4)

भाग 'घ'

सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों को यथासमय पेंशन संबंधी लाभ के भुगतान के लिए अपनाए जाने वाले आदेश एवं प्रक्रिया

*****

पेंशन संबंधी लाभ के भुगतान की स्वीकृति में विलंब के कारण सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को परेशानी होती है। अत: यह अति आवश्यक है कि पेंशन संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करने वाले प्राधिकारियों को चाहिए कि वे उस पर शीघ्र कार्रवाई करें ताकि लाभ पाने वाले को नियत तारीख पर उसका देय प्राप्त हो। जब स्वीकृति में विलंब की संभावना हो तो सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को कार्यालय प्रमुख अथवा रेल कर्मचारी के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर अनंतिम पेंशन/उपदान अथवा कुटुंब पेंशन/मृत्यु उपदान, जैसा भी मामला हो, दिया जा सकता है। संबंधी लाभ की स्वीकृति देने के लिए ऐसे मामलों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया और साथ ही अपनायी जाने वाली प्रक्रिया का विस्तृत ब्यौरा, जिसे समय-समय पर जारी किया गया है, नीचे दिए गए हैं :-

i दिनांक 08.04.76 का पत्र सं. एफ(ई)III/76/पीएन1/3
ii दिनांक 15.10.76 का पत्र सं. एफ(ई)III/76/पीएन1/3
iii दिनांक 19.11.76 का पत्र सं. ई (जी)III/76/पीएन1/25
iv दिनांक 01.09.1979 का पत्र सं. एफ(ई)III/79/पीएन1/3
v दिनांक 06.03.1987 का पत्र सं. एफ(ई)III/87/पीएन1/2
vi दिनांक 19.08.87 का पत्र सं. एफ(ई)III/87/पीएन1/2

2. दिनांक 08.04.1976 के आदेश में अधिवर्षिता पेंशन के भुगतान के लिए पेंशन कागजात तैयार करने का कार्य शुरू करने के लिए समय सारणी, अर्हक सेवा निर्धारित करने के लिए प्रक्रिया, औसत परिलब्धियां, असाधारण छुट्टियों का प्रतिपादन, निलंबन की अवधि, सेवा-भंग, प्रतिनियुक्ति/विदेश सेवा की अवधि, पेंशन की मंजूरी के लिए प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता से छुटकारा, जहां सेवा रिकॉर्ड उपलब्ध न हो वहां अनंतिम पेंशन के भुगतान के लिए प्रक्रिया, सरकारी देय का समायोजन आदि निर्धारित किए गए हैं। इसी प्रकार दिनांक 01.09.1979 के आदेश में उन कर्मचारियों जिनकी सेवा के दौरान मृत्यु हो जाती है, के परिवारों को पेंशन संबंधी लाभ देने संबंधी मामलों को अंतिम रूप देने के लिए ब्यौरे निर्धारित किए गए हैं।

3. सभी मामलों में, संबंधित रेल कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से तीन महीने की अवधि के भीतर वसूली योग्य बकाया राशि का आकलन करने तथा उसे समायोजित करने के प्रयास किए जाते हैं। यदि रेल कर्मचारी किसी वाणिज्यिक नामे में शामिल है तो उसकी सेवानिवृत्ति के 15 माह के भीतर और यदि शामिल नहीं है तो 6 माह के भीतर उसके खिलाफ कोई दावा नहीं किया जाता तो ऐसे मामले में उस रेल कर्मचारी को दावामुक्त माना जाए।

सेवानिवृत्त होने वाले वाणिज्यिक कर्मचारियों के मामले में, 01.08.88 से उपदान के भुगतान के लिए 15 महीने की सीमा घटाकर 6 महीने कर दी गई है जिसे 30.12.91 से घटाकर 3 महीने कर दिया गया है।

(रेल पेंशन नियमावली का पैरा 323(iv)(ख) और बोर्ड का दिनांक 17.11.87 तथा 30.12.91 का पत्र सं. एफ(ई)III/87/पीएन1/1)

4. जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति अधिवर्षिता की आयु से पहले हो तो ऐसे मामलों में पेंशन संबंधी लाभ का भुगतान करने के लिए प्रक्रिया का ब्यौरा बोर्ड के दिनांक 19.11.76 के पत्र सं. ई(जी)/76/पीएन1/25 में दिया गया है।